भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2447**

उत्तर देने की तारीख-15/12/2025

**तमिलनाडु में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाएँ**

†2447. **श्री ससिकांत सेंथिल:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान विभिन्न केंद्रीय सरकार छात्रवृत्ति योजनाओं के अंतर्गत तमिलनाडु के छात्रों को स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर श्रेणीवार कितनी छात्रवृत्तियां प्रदान की गईं;

(ख) उक्त अवधि के दौरान लाभार्थियों को आवंटित और संवितरित धनराशि कितनी है;

(ग) क्या सरकार देश भर में उक्त योजनाओं से लाभान्वित छात्रों की कुल संख्या का डेटा रखती है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार द्वारा तमिलनाडु में ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के छात्रों के बीच केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाओं के बारे में जागरूकता और पहुंच बढ़ाने के लिए कोई उपाय किए गए हैं/किए जाने का प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) से (घ): शिक्षा समवर्ती सूची में है और केंद्र सरकार और राज्य सरकारें शिक्षा में सुधार के लिए मिलकर काम करती हैं। केंद्र सरकार तमिलनाडु राज्य सहित पूरे देश में मौजूदा योजना संबंधी दिशा-निर्देशों के अध्यधीन सभी श्रेणी के विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाएँ कार्यान्वित कर रही है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, जनजातीय कार्य मंत्रालय, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद से प्राप्त जानकारी के आधार पर, विगत पाँच वर्षों के दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न छात्रवृत्ति योजनाओं के तहत तमिलनाडु के विद्यार्थियों को श्रेणी-वार, स्तर-वार प्रदान की गई छात्रवृत्तियों की संख्या और लाभार्थियों को आबंटित तथा संवितरित की गई निधियाँ https://www.education.gov.in/parl_ques पर देखी जा सकती हैं।

वर्ष 2024-25 में, पोस्ट-मैट्रिक और उच्चतर शिक्षा के लिए विद्यार्थियों को लगभग 95 लाख छात्रवृत्तियाँ प्रदान की गई हैं। इसमें अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अत्यधिक पिछड़ा वर्ग (ईबीसी) और विमुक्त जनजातियाँ (डीएनटी) के विद्यार्थियों के लिए लगभग 27 लाख छात्रवृत्तियाँ; अनुसूचित जाति (एससी) के विद्यार्थियों के लिए लगभग 48 लाख छात्रवृत्तियाँ; और अनुसूचित जनजातियों (एसटी) के विद्यार्थियों के लिए लगभग 17 लाख छात्रवृत्तियाँ शामिल हैं। योजना-वार विवरण https://www.education.gov.in/parl_ques पर देखा जा सकता है।

ग्रामीण और आर्थिक रूप से कमजोर पृष्ठभूमि के विद्यार्थियों में जागरूकता फैलाने के लिए, छात्रवृत्ति के बारे में जानकारी प्रिंट और सोशल मीडिया के माध्यम से तमिलनाडु सहित सभी राज्यों के शिक्षा विभागों तथा उच्चतर माध्यमिक बोर्ड सहित हितधारकों के बीच प्रसारित की जाती है, विद्यार्थियों के लिए उपयोगी जानकारी राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के विशिष्ट छात्र खंड में भी प्रदान की जाती है।

*****

**'तमिलनाडु में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाएँ' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री ससिकांत सेंथिल द्वारा दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2447 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| मंत्रालय / विभाग | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष | सामान्य | | ओबीसी | | एससी | | एसटी | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | छात्रवृत्तियों की संख्या (नई+ नवीनीकृत) | संवितरित राशि (₹ लाख) | छात्रवृत्तियों की संख्या (नई+ नवीनीकृत) | संवितरित राशि (₹ लाख) | छात्रवृत्तियों की संख्या (नई+ नवीनीकृत) | संवितरित राशि (₹ लाख) | छात्रवृत्तियों की संख्या (नई+ नवीनीकृत) | संवितरित राशि (₹ लाख) | छात्रवृत्तियों की संख्या (नई+ नवीनीकृत) | संवितरित राशि (₹ लाख) |
| उच्चतर शिक्षा विभाग | पीएम-यूएसपी सीएसएसएस | 2020-21 | 370 | 54.80 | 6489 | 708.80 | 882 | 90.90 | 25 | 2.60 | 7766 | 857.1 |
| | | 2021-22 | 321 | 42.00 | 9805 | 1035.10 | 2009 | 203.90 | 51 | 5.30 | 12186 | 1286.3 |
| | | 2022-23 | 187 | 24.04 | 12295 | 1530.48 | 2452 | 299.94 | 83 | 10.06 | 15017 | 1864.52 |
| | | 2023-24 | 272 | 33.84 | 11158 | 1404.08 | 2289 | 284.12 | 88 | 10.96 | 13807 | 1733 |
| | | 2024-25 | 274 | 35.12 | 11485 | 1508.04 | 2130 | 275.12 | 90 | 11.68 | 13979 | 1829.96 |
| | | | | | | | | | | | | |
| यूजीसी | स्नातकोत्तर अध्ययन हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति | 2020-21 | एवाई 2023-24 में योजना को पुनः संरचित किया गया था | | | | | | | | | |
| | | 2021-22 | | | | | | | | | | |
| | | 2022-23 | | | | | | | | | | |
| | | 2023-24 | 101 | 151.50 | 828 | 1242.00 | 240 | 360.00 | 4 | 6.00 | 1173 | 1759.50 |
| | | 2024-25 | 69 | 103.50 | 543 | 814.50 | 70 | 105.00 | 2 | 3.00 | 684 | 1026.00 |
| | | | | | | | | | | | | |
| एआईसीटीई | छात्राओं के लिए | 2020-21 | 26 | 9.61 | 304 | 113.98 | 69 | 19.87 | 5 | 1.91 | 404 | 145.36 |
| | | 2021-22 | 216 | 107.13 | 1803 | 893.33 | 403 | 198.56 | 11 | 5.34 | 2433 | 1204.35 |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **एआईसीटीई प्रगति छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा स्तर)** | 2022-23 | 306 | 152.46 | 2665 | 1328.74 | 616 | 307.08 | 15 | 7.34 | 3602 | 1795.61 |
| | | 2023-24 | 263 | 131.5 | 2638 | 1319 | 602 | 301 | 38 | 19 | 3541 | 1770.5 |
| | | 2024-25 | 2859 | 1429.5 | 1306 | 653 | 593 | 296.5 | 75 | 37.5 | 4833 | 2416.5 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | **एआईसीटीई-दिव्यांग छात्रों के लिए सक्षम छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा स्तर)** | 2020-21 | 3 | 1.3 | 28 | 8.3525 | 5 | 1.6 | 0 | 0 | 36 | 11.2525 |
| | | 2021-22 | 16 | 8 | 123 | 60.75 | 31 | 15.5 | 0 | 0 | 170 | 84.25 |
| | | 2022-23 | 20 | 10 | 161 | 79.6 | 44 | 22 | 3 | 1.5 | 228 | 113.1 |
| | | 2023-24 | 9 | 4.5 | 94 | 47 | 23 | 11.5 | 1 | 0.5 | 127 | 63.5 |
| | | 2024-25 | 18 | 9 | 345 | 172.5 | 42 | 21 | 19 | 9.5 | 424 | 212 |
| | | | | | | | | | | | | |
| | **एआईसीटीई स्वनाथ स्कॉलरशिप स्कीम (डिग्री और डिप्लोमा स्तर)** | 2020-21 | एआईसीटीई स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2021-22 से शुरू | | | | | | | | | |
| | | 2021-22 | | | | | | | | | | |
| | | 2022-23 | 38 | 30 | 196 | 152.5 | 13 | 9.5 | 2 | 2 | 249 | 194 |
| | | 2023-24 | 22 | 12.5 | 130 | 87.5 | 10 | 7.5 | 1 | 0.5 | 163 | 108 |
| | | 2024-25 | 24 | 16 | 216 | 140 | 14 | 8 | 2 | 1.5 | 256 | 165.5 |
| | | | | | | | | | | | | |

| | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **एआईसीटीई की स्नातकोत्तर (पीजी) छात्रवृत्ति योजना** | 2020-21 | 707 | 743.5 | 716 | 793.33 | 96 | 103.32 | 5 | 4.02 | 1524 | 1644.17 |
| | | 2021-22 | 660 | 609.78 | 711 | 653.51 | 107 | 96.8 | 3 | 2.62 | 1481 | 1362.72 |
| | | 2022-23 | 547 | 454.8 | 528 | 471.37 | 109 | 104.5 | 2 | 1.74 | 1186 | 1032.4 |
| | | 2023-24 | 394 | 339.02 | 351 | 319.16 | 90 | 83.64 | 2 | 1.09 | 837 | 742.91 |
| | | 2024-25 | 328 | 276.7 | 292 | 250.07 | 89 | 70.48 | 2 | 2.55 | 711 | 599.8 |

‘तमिलनाडु में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाएँ’ के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री ससिकांत सेंथिल द्वारा दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2447 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।

| मंत्रालय/विभाग | योजना का नाम | श्रेणी | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | | 2024-25 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | लाभार्थियों की संख्या | संवितरित राशि (₹ करोड़) | लाभार्थियों की संख्या | संवितरित राशि (₹ करोड़) | लाभार्थियों की संख्या | संवितरित राशि (₹ करोड़) | लाभार्थियों की संख्या | संवितरित राशि (₹ करोड़) | लाभार्थियों की संख्या | संवितरित राशि (₹ करोड़) |
| एमओएसजेई | एससी विद्यार्थियों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | एससी | 654131 | 120.23 | 441672 | 278.88 | 543772 | 726.25 | 643761 | 713.70 | 934793 | 1032.09 |
| | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति | ओबीसी | 2.21 लाख | 79.17 | 4.53 लाख | 160.79 | 4.53 लाख | 82.97 | 4.763 लाख | 135 | 4.59 लाख | 119.37 |
| | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी विद्यार्थियों के लिए कॉलेज में उच्च स्तरीय शिक्षा | ओबीसी | वर्ष 2023-24 में कार्यान्वित योजना | | | | | | 150 | 5.71 | 398 | 14.79 |
| एमओटीए | एसटी छात्रों के लिए पोस्ट-मैट्रिक छात्रवृत्ति | एसटी | 21383 | - | 24441 | - | 23529 | - | 25216 | - | 28273 | |
| | अनुसूचित जनजाति के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना | एसटी | 3 | - | 10 | - | 13 | - | 12 | - | 13 | |
| डीएसटी | इन्स्पयार-एसएचई | सभी श्रेणी | 108 | 0.73 | 123 | 0.77 | 104 | 0.67 | 175 | 1.04 | 121 | 0.74 |

**'तमिलनाडु में केंद्रीय छात्रवृत्ति योजनाएँ' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री ससिकांत सेंथिल द्वारा दिनांक 15.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2447 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक।**

| मंत्रालय /विभाग | योजना का नाम | वित्तीय वर्ष 2024-25 | |
|---|---|---|---|
| | | छात्रवृत्तियों की कुल संख्या | जारी राशि (₹ करोड़) |
| **छात्रवृत्ति प्रभाग, उच्चतर शिक्षा विभाग** | कॉलेज और विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की केंद्रीय क्षेत्र योजना | 204049 | 259.65 |
| | जम्मू और कश्मीर और लद्दाख के लिए विशेष छात्रवृत्ति योजना | 11212 | 143.90 |
| **एआईसीटीई** | एआईसीटीई की पोस्ट ग्रेजुएट (पीजी) छात्रवृत्ति योजना | 10837 | 88.41 |
| | छात्राओं के लिए एआईसीटीई प्रगति छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा स्तर) | 35998 | 179.99 |
| | दिव्यांग छात्रों के लिए सक्षम छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा स्तर) | 2426 | 12.13 |
| | एआईसीटीई स्वनाथ छात्रवृत्ति योजना (डिग्री और डिप्लोमा स्तर) | 1023 | 6.59 |
| **यूजीसी** | ईशान उदय स्पेशल स्कॉलरशिप फॉर एनईआर | 29144 | 224.99 |
| | पीजी अध्ययन के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति | 15601 | 234.02 |
| **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय** | अनुसूचित जाति के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 4804208 | 5562.24 |
| | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 2541000 | 892 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | एससी विद्यार्थियों के लिए उच्च स्तरीय छात्रवृत्ति | 4538 | 103.26 |
| | ओबीसी, ईबीसी और डीएनटी विद्यार्थियों के लिए कॉलेजों में उच्च स्तरीय शिक्षा | 11126 | 213.98 |
| **जनजातीय कार्य मंत्रालय** | एसटी हेतु पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना | 1816293 | 2598.34 |
| | एसटी छात्रों के लिए उच्चतर शिक्षा हेतु राष्ट्रीय छात्रवृत्ति (उच्च स्तरीय छात्रवृत्ति) | 7013 | 95.38 |
| **विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी)** | इंस्पायर - एसएचई (उच्चतर शिक्षा हेतु छात्रवृत्ति) | 35840 | 218.67 |
| **कुल** | | **9530308** | **10833.55** |